# Industries (उद्योग)

**प्रश्न-अभ्यास**

**( पाठ्यपुस्तक से)**

**प्रश्न 1.**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**(i)** 'उद्योग' शब्द का क्या तात्पर्य है?

**(ii)** वे कौन-से मुख्य तथ्य हैं जो उद्योग की अवस्थिति को प्रभावित करते हैं?

**(iii)** कौन-सा उद्योग प्रायः आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है और क्यों?

**(iv)** कपास उद्योग मुंबई में तेजी से क्यों विकसित हुआ है?

**(v)** बंगलौर और कैलिफोर्निया में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच क्या समानता है?

**उत्तर**

**(i)** उद्योग का संबंध आर्थिक गतिविधि से है जो कि वस्तुओं के उत्पादन, खनिजों के निष्कर्षण अथवा सेवाओं की व्यवस्था से संबंधित है।

**(ii) उद्योगों की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक**

- कच्चे माल की उपलब्धता
- भूमि
- श्रम
- शक्ति के साधन
- परिवहन
- बाजार

**(iii)** लोहा-इस्पात उद्योग को आधुनिक उद्योग का मेरुदंड कहा जाता है, क्योंकि अन्य उद्योगों के लिए उनकी आधारभूत सामग्री जैसे औजार और मशीनें आदि लोहा-इस्पात से बनी होती है।

**(iv) कपास उद्योग के मुंबई में तेजी से विकसित होने के कारण-**

- कोष्ण और आर्द्र जलवायु
- मशीन आयात के लिए पत्तन की उपलब्धता
- कच्चे माल की उपलब्धता
- दक्ष श्रमिकों की उपलब्धता

**(v) बंगलौर और कैलिफोर्निया में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग के बीच समानताएँ-**

- सर्वाधिक संख्या में सूचना प्रौद्योगिकी महाविद्यालय और शैक्षिक संस्थान हैं।
- सुहावनी, आकर्षक, जलवायु तथा स्वच्छ पर्यावरण है।
- अच्छी परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध है।
- निपुण व अनुभवी कार्य बल उपलब्ध है।
- पूँजी

**प्रश्न 2.**

**सही उत्तर चिह्नित कीजिए-**

**(i) सिलिकॉन घाटी अवस्थित है**

**(क)** बंगलौर में

**(ख)** कैलिफोर्निया में

**(ग)** अहमदाबाद में

**उत्तर**

**(ख)** कैलिफोर्निया में

**(ii) कौन-सा उद्योग 'सनराईज उद्योग' के नाम से जाना जाता है?**

**(क)** लोहा-इस्पात उद्योग

**(ख)** सूती वस्त्र उद्योग

**(ग)** सूचना प्रौद्योगिकी

**उत्तर**

**(ग)** सूचना प्रौद्योगिकी

**(iii) निम्न में से कौन-सा प्राकृतिक रेशा है?**

**(क)** नायलॉन

**(ख)** जूट

**(ग)** एक्रिलिक उत्तर सही

**उत्तर**

**(ख)** जूट

**प्रश्न 3.**

**अंतर स्पष्ट कीजिए-**

**(i)** कृषि आधारित और खनिज आधारित उद्योग

**(ii)** सार्वजनिक क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र के उद्योग

**उत्तर**

**(i) कृषि आधारित और खनिज आधारित उद्योग**

| कृषि आधारित उद्योग | खनिज आधारित उद्योग |
|---|---|
| (*a*) जो उद्योग अपना कच्चा माल वनस्पति और जीव-जंतुओं के अर्थात् कृषि के उत्पादों से प्राप्त करते हैं। | (*a*) जो उद्योग अपना कच्चा माल खनिज अयस्कों से प्राप्त करते हैं। |
| (*b*) सूती वस्त्र उद्योग, चीनी उद्योग, चर्म उद्योग, डेयरी उद्योग आदि कृषि आधारित उद्योग के उदाहरण हैं। | (*b*) लोहा-इस्पात उद्योग इसका एक उदाहरण है। |

**(ii) सार्वजनिक क्षेत्र और संयुक्त क्षेत्र के उद्योग**

| सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योग | संयुक्त क्षेत्र के उद्योग |
|---|---|
| (*a*) जिन उद्योगों का स्वामित्व और संचालन सरकार द्वारा किया जाता है। | (*a*) जिन उद्योगों का स्वामित्व और संचालन राज्यों और व्यक्तियों अथवा व्यक्तियों के समूहों द्वारा किया जाता है। |
| (*b*) हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड और स्टील ऑथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों के उदाहरण हैं। | (*b*) मारुति उद्योग लिमिटेड संयुक्त क्षेत्र के उद्योग का उदाहरण है। |

**प्रश्न 4.**

दिए गए स्थानों में निम्नलिखित के दो-दो उदाहरण दीजिए-

**(i)** कच्चा माल ……………. और …………………

**(ii)** अंतिम उत्पाद ………………….. और …………………….

**(iii)** तृतीयक क्रियाकलाप ……………… और …………………….

**(iv)** कृषि-आधारित उद्योग ………………. और …………………

**(v)** कुटीर उद्योग …………………… और ………………………

**(vi)** सहकारिता ………………….. और ………………………

**उत्तर**

**(i)** गन्ना, लौह-अयस्क

**(ii)** चीनी, इस्पात

**(iii)** व्यापार, बैंकिंग ।

**(iv)** सूत्री वस्त्र उद्योग, चीनी उद्योग

**(v)** टोकरी बनाना, मिट्टी के बर्तन बनाना

**(vi)** आनंद मिल्क यूनियन लिमिटेड, सुधा डेयरी सहकारी उपक्रम


**प्रश्न 5.**

**क्रियाकलाप**

उद्योग स्थापित करने के लिए अवस्थिति की पहचान कैसे की जाए-

अपनी कक्षा को समूह में बाँटें। प्रत्येक समूह, निदेशकमंडल है जिसने देवलोपन द्वीप में लोहा-इस्पात उद्योग के लिए उपयुक्त स्थान चयन करना है। तकनीकी विशेषज्ञों के एक दल ने टिप्पणी और मानचित्र के साथ एक रिपोर्ट प्रस्तुत की है। दल ने लौह-अयस्क, कोयला, जल और चूना-पत्थर के साथ-साथ मुख्य बाजार, श्रमिकों के स्रोत और पत्तन सुविधाओं की पहुँच पर विचार किया। दल ने X और Y दो स्थानों का सुझाव दिया। निदेशकमंडल को अंतिम निर्णय लेना है कि इस्पात उद्योग को कहाँ स्थापित करना है।

- दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट पढ़ें।
- प्रत्येक स्थान से संसाधनों की दूरियाँ ज्ञात करने के लिए मानचित्र का अध्ययन करें।
- साधनों की महत्ता के अनुसार इनमें से प्रत्येक संसाधन को 1 से 10 साल तक महत्त्व अनुसार अंक दें। एक संसाधन का उद्योगों की तरफ जितना ही अधिक अभिकर्षण होगा उतना ही अधिक 1 से 10 तक के बीच उसका महत्त्व होगा।
- नीचे की सारणी को पूरा करें।
- न्यूनतम लागत वाला स्थान सर्वाधिक उपयुक्त स्थान होना चाहिए।
- याद रखें प्रत्येक निदेशकमंडल अलग तरह से निर्णय ले सकते हैं।




### रिपोर्ट

देवलोपन द्वीप पर प्रस्तावित लोह-इस्पात संयंत्र की अवस्थिति को प्रभावित करने वाले कारक/संसाधन।।

- **लौह-अयस्कः** यह निम्न श्रेणी के लौह-अयस्क का सबसे बड़ा निक्षेप है। अयस्क का लंबी दूरी तक परिवहन अनार्थिक होगा।
- **कोयलाः** एकमात्र कोयला क्षेत्र जिसमें उच्च श्रेणी के कोयले के विशाल निक्षेप हैं। रेलमार्ग से कोयले का परिवहन, तुलनात्मक रूप से सस्ता है।
- **चूना-पत्थरः** यह द्वीप में प्रचुरता से उपलब्ध है लेकिन शुद्धतम निक्षेप चूना पर्वत में है।
- **जलः** नील नदी की दोनों सहायक नदियाँ प्रचुर मात्रा में हर मौसम में बड़े लौह-इस्पात संयंत्र को जल उपलब्ध कराती हैं।
- **बाज़ारः** यह अनुमान किया जाता है कि उद्योग के उत्पाद का मुख्य बाज़ार राजधानीपुर का इंजीनियरिंग कारखाना होगा। उत्पाद, मुख्यत: लघु इस्पात की छड़ों और हल्की इस्पात चादरों की परिवहन लागत सापेक्षतः कम होगी।
- **श्रम की आपूर्तिः** हिल, राह और सिंग मछुआरों की तीन बस्तियों से अकुशल कामगारों की भर्ती की जाएगी। यह अनुमानित किया जाता है कि अधिकांश श्रमिक अपने वर्तमान आवास से प्रतिदिन आने-जाने का काम करेंगे।

- **पत्तन की सुविधाएँ:** इस समय न्यूनतम हैं। पत्तन पश्चिमपुर अच्छा, गहरा और प्राकृतिक पोताश्रय है जो मिश्रातु के आयात के लिए विकसित किया गया है।

| संसाधन | X से दूरी | Y से दूरी | अंक 1-10* | X दूरी X स्थान के लिए अंक | X दूरी Y स्थान के लिए अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| लौह-अयस्क | | | | | |
| कोयला | | | | | |
| चूना-पत्थर | | | | | |
| जल | | | | | |
| मुख्य बाज़ार | | | | | |
| श्रम आपूर्ति | | | | | |
| | | | कुल = | | |

जितना अधिक अभिकर्षण, उतने अधिक अंक।

**उत्तर**

छात्र स्वयं करें।